अनुलग्नक 4

अकाउंट अग्रीगेटर के निदेशकों के लिए 'उपयुक्त और उचित' मानदंड

एए को यह सुनिश्चित करने के लिए सूचित किया जाता है कि वे बोर्डों पर नियुक्त करने से पहले निम्नांकित प्रक्रियाओं और व्यक्तियों द्वारा पूरे किए जाने वाले न्यूनतम मापदंड का पालन करें:

(ए) एएको एक निदेशक के रूप में बोर्ड पर नियुक्ति के पहले व्यक्ति की उपयुक्तता का निर्धारण करने के लिए शैक्षणिक योग्यता, विशेषज्ञता, ट्रैकरिकॉर्ड, निष्ठा और अन्य 'उपयुक्त और उचित' मापदंड के आधार पर उचित जांच प्रक्रिया करनी चाहिए। एए को अनुबंध - 5 में दिए गए प्रारूप में इस प्रयोजन के लिए प्रस्तावित / मौजूदा निदेशकों से आवश्यक जानकारी और घोषणा प्राप्त करना चाहिए।

(बी) उचित जांच प्रक्रिया नियुक्ति के समय / नियुक्ति नवीकरण के समय एए द्वारा किया जाना चाहिए।

(सी) एए के बोर्ड द्वारा घोषणाओं की जांच के लिए नामांकन समितियों का गठन किया जाना चाहिए।

(डी) हस्ताक्षर किए घोषणा में उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर, नामांकन समितियों को निदेशकों के बारे में जहां भी आवश्यक हो, स्वीकृति पर या अन्यथा फैसला करना चाहिए।

(ई) जहां पहले निदेशकों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना में कोई परिवर्तन होता है, वहां उन्हें तत्काल एए को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

(एफ) एए को प्रतिवर्ष 31 मार्च को निदेशकों से एक साधारण घोषणा प्राप्त करना चाहिए जिसमे उल्लेख हो कि पहले से ही उपलब्ध कराई गई जानकारी में परिवर्तन नहीं आया है और जहा भी बदलाव आया है, वहां अपेक्षित विवरण तत्काल उनके द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

(जी) एए को जनता के हित में यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बोर्ड में मनोनीत / निर्वाचित निदेशक अनुलग्नक-6 में दिए गए प्रारूप में सहमति की डीड निष्पादित करें।